# देशभर में एटीएम बूथ से करोड़ों रुपए लूटने वाले दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

## चेन्नई में 9 लाख रुपए से भरा एटीएम लूटने के बाद भागकर जयपुर आ रहे थे बदमाश

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** वैशाली नगर पुलिस, डीएसटी पश्चिम और एसओजी टीम ने अंतर्राज्यीय एटीएम लूट और हाइवे गैंग का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि आरोपी देश के अलग-अलग राज्यों में एटीएम काटकर लाखों-करोड़ों रुपए की लूट की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस ने अर्टिगा कार से भाग रहे दोनों आरोपियों को रिंग रोड कानोता के पास घेराबंदी कर पकड़ा। भागने के दौरान आरोपियों ने पुलिस जाब्ते पर कार चढ़ाने का प्रयास भी किया। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि वैशाली नगर थाना पुलिस,डीएसटी पश्चिम और एसओजी की टीम ने अंतरराज्यीय एटीएम लूट और हाईवे गैंग के शातिर बदमाश पवन कुमार (28) निवासी खैर अलीगढ़ हाल नोहझील, मथुरा (उत्तर प्रदेश) और सोनू (20) निवासी नौहझील मथुरा (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया है।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने एटीएम लूटने के तरीके का खुलासा किया। गिरोह के सदस्य किराए की कार से ऐसे एटीएम की रेकी करते थे, जहां सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं होता था। वारदात से पहले कार पर दूसरी गाड़ी की फर्जी



आरोपी पवन और सोनू

नंबर प्लेट लगा लेते थे। एक बदमाश एटीएम के अंदर जाकर सीसीटीवी कैमरों पर काला स्प्रे कर देता था।

वहीं दूसरा कार को एटीएम के मुख्य दरवाजे के सामने खड़ा कर देता था, ताकि अंदर की गतिविधियां बाहर से दिखाई नहीं दें। कार में एलपीजी व ऑक्सीजन सिलेंडर, गैस कटर और लोहे की रॉड रखी जाती थी। गैस कटर से एटीएम को चंद मिनटों में काटकर कैश निकाल लिया जाता था।

पुलिस के अनुसार आरोपी पूर्व में भी डकैती के मामलों में चालानशुदा हैं और इनके कब्जे से पहले भी दो पिस्टल और कारतूस बरामद हो चुके हैं। पुलिस को प्रारंभिक पूछताछ में यह भी पता चला है कि गिरोह के सदस्य यूट्यूब और ऑनलाइन वीडियो देखकर एटीएम काटने का तरीका सीखते थे।

पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से जयपुर,

- **बदमाशों ने तेलंगाना सीमा के पास पुलिस को पिस्टल दिखाकर बच निकलने का प्रयास किया और टोल भी तोड़ा। इसके बाद नागपुर, ग्वालियर, धौलपुर और दौसा होते हुए जयपुर आ पहुंचे।**
- **सूचना मिलने पर पुलिस ने रिंग रोड पर नाकाबंदी कर अर्टिगा कार को रोकने का प्रयास किया तो आरोपियों ने पुलिसकर्मियों पर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया।**

राजस्थान और अन्य राज्यों में हुई एटीएम लूट, चोरी और हाईवे पर लूटपाट की घटनाओं के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस को गिरोह के अन्य सदस्यों और अंतरराज्यीय नेटवर्क से जुड़े होने की भी आशंका है। आरोपियों से पूछताछ के आधार पर गिरोह के अन्य सह-अभियुक्तों की तलाश की जा रही है।

वैशाली नगर थानाधिकारी अरविंद सिंह शेखावत ने बताया कि 15 अगस्त की रात खातीपुरा रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से छेड़छाड़ और रुपए चोरी के मामले की जांच शुरू की थी। इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। विशेष टीम ने वारदात स्थल और आसपास के इलाकों के 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके अलावा साइबर सेल की तकनीकी सूचना और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की तलाश राजस्थान के साथ उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश तक की गई। जहां जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि गैंग ने चेन्नई (तमिलनाडु) में एटीएम काटकर करीब 9 लाख रुपए लूटे हैं और इसके बाद जयपुर की ओर भाग रही है। पुलिस के अनुसार तेलंगाना सीमा के पास आरोपियों ने पुलिस को पिस्टल दिखाकर बच निकलने का प्रयास किया और टोल भी तोड़ा। इसके बाद वे नागपुर, ग्वालियर, धौलपुर और दौसा होते हुए जयपुर की तरफ बढ़ रहे थे।

सूचना मिलने पर पुलिस ने रिंग रोड पर नाकाबंदी कर अर्टिगा कार को रोकने का प्रयास किया। आरोपियों ने भागने की कोशिश की और पुलिसकर्मियों पर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया।

# जयपुर में बदले समीकरण : कहीं नामांकन खारिज तो कहीं प्रत्याशी ने पर्चा नहीं भरा

-कार्यालय संवाददाता-

- **जानकारी के मुताबिक, वार्ड 146 में भाजपा की घोषित प्रत्याशी अफसाना ने नामांकन ही दाखिल नहीं किया, उधर वार्ड 111 में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन निरस्त हो गया है।**

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम चुनाव-2026 में नामांकन पत्रों की जांच के बाद कई वार्डों में चुनावी समीकरण बदल गए हैं। जहां वार्ड 111 से कांग्रेस प्रत्याशी ज्वाला प्रसाद का नामांकन खारिज हो गया, जबकि वार्ड 146 में भाजपा की ओर से घोषित प्रत्याशी अफसाना ने नामांकन ही दाखिल नहीं किया। इसके चलते इस वार्ड में भाजपा का अधिकृत प्रत्याशी मैदान में नहीं है। वार्ड 98 में टिकट वितरण को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की नाराजगी प्रदेश कार्यालय के बाहर प्रदर्शन के रूप में सामने आई।

वार्ड 111 से कांग्रेस प्रत्याशी ज्वाला प्रसाद का नामांकन जांच के दौरान निरस्त किया गया। रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष हुई स्क्रूटनी में सामने आया कि उनके खिलाफ ऐसा आपराधिक प्रकरण विचाराधीन है, जिसमें 5 साल से अधिक सजा का प्रावधान है। न्यायालय इस मामले में संज्ञान ले चुका है और 29 अगस्त 2024 को ज्वाला प्रसाद के खिलाफ आरोप तय किए जा चुके हैं। इसी आधार पर उनका नामांकन निरस्त किया गया। इससे कांग्रेस की वार्ड 111 की चुनावी रणनीति को झटका लगा है। नामांकन रद्द होने के बाद ज्वाला प्रसाद ने विधायक अमीन कागजी से मुलाकात की। उधर वार्ड 146 में भाजपा की ओर से जारी प्रत्याशी सूची में अफसाना का नाम था, लेकिन उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब इस वार्ड में भाजपा का कोई अधिकृत प्रत्याशी नहीं है। कांग्रेस ने यहां अफरोज को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में वार्ड 146 का मुकाबला पूरी तरह बदल गया है।

वहीं दूसरी ओर टिकट वितरण को लेकर भाजपा में भी असंतोष सामने आया। सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 98 के कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर सुभाष सिंघी को टिकट देने का विरोध किया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि लंबे समय से सक्रिय कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज कर ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया गया, जो पहले वार्ड की गतिविधियों में सक्रिय नहीं रहे। उन्होंने इसे 'पैराशूट उम्मीदवार' को टिकट देने का फैसला बताते हुए पुनर्विचार की मांग की।

कार्यकर्ताओं के अनुसार टिकट के लिए तैयार पैनल में तीन नाम शामिल थे और सभी दावेदारों से पार्टी की निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन भी लिए गए थे। इसके बावजूद पैनल में शामिल किसी दावेदार को टिकट नहीं मिलने से कार्यकर्ताओं में नाराजगी है।

### 150 वार्डों में 1392 नामांकन दाखिल

जयपुर नगर निगम के 150 वार्डों में 1253 उम्मीदवारों ने कुल 1392 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। नामांकन पत्रों की जांच पूरी होने के बाद अब प्रत्याशियों के पास 3 सितंबर को दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लेने का समय रहेगा। इसके बाद 3 सितंबर को ही दोपहर 3 बजे बाद चुनाव लड़ने वाले अंतिम प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। 4 सितंबर को प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। नामांकन जांच के बाद वार्ड 111, 146 और 98 में सामने आए घटनाक्रम ने चुनावी मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। अब नाम वापसी के बाद सभी वार्डों की अंतिम तस्वीर साफ होगी।

# देव दर्शन से चुनावी प्रचार का आगाज, घर-घर दस्तक देने निकले प्रत्याशी

## नामांकन दाखिल करने के अगले ही दिन से वार्डों में जनसंपर्क अभियान तेज किया प्रत्याशियों ने

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम चुनाव में नामांकन प्रक्रिया पूरी होते ही प्रत्याशियों ने चुनावी मैदान में पूरी ताकत झोंक दी है। नामांकन दाखिल करने के अगले ही दिन से वार्डों में जनसंपर्क अभियान तेज हो गया। प्रत्याशी सुबह से देर शाम तक मतदाताओं के बीच पहुंचकर समर्थन मांग रहे हैं। चुनाव प्रचार की शुरुआत भी प्रत्याशी अपने-अपने अंदाज में कर रहे हैं। कोई मंदिर में धोक लगाकर भगवान का आशीर्वाद ले रहा है तो कोई समर्थकों के साथ सीधे घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से संपर्क साध रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 49 से भाजपा प्रत्याशी मुकेश शर्मा 'काका' ने मंगलवार को अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत देव दर्शन से की। उन्होंने इस्कॉन रोड स्थित श्याम मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और मंदिर पुजारी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद शाम को पत्रकार कॉलोनी स्थित निमड़ी के बालाजी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। उन्होंने भगवान से चुनाव में जीत की मनौती मांगी। देव दर्शन के बाद प्रत्याशी मुकेश शर्मा 'काका' ने समर्थकों के साथ वार्ड में जनसंपर्क किया और मतदाताओं से मुलाकात कर समर्थन की अपील की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं और अपेक्षाएं जानने का प्रयास भी किया।

नामांकन के बाद प्रत्याशियों का पूरा फोकस अब जनसंपर्क पर है। विभिन्न वार्डों में प्रत्याशी छोटी-छोटी टोलियों के साथ गली-मोहल्लों में पहुंच रहे हैं। घरों के दरवाजे खटखटाकर मतदाताओं से समर्थन मांगा जा रहा है। कई प्रत्याशी बुजुर्गों का आशीर्वाद ले रहे हैं तो युवाओं और महिलाओं से संवाद कर अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं। प्रत्याशी वार्ड में सड़क, सफाई, पानी, सीवर, रोशनी और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर मतदाताओं के बीच पहुंच रहे हैं। वहीं कई उम्मीदवार अपने पुराने जनसंपर्क, सामाजिक जुड़ाव और वार्ड के विकास को चुनावी मुद्दा बनाकर समर्थन जुटाने में लगे हैं।

मैदानी जनसंपर्क के साथ सोशल मीडिया पर भी चुनाव प्रचार ने रफ्तार पकड़ ली है। प्रत्याशी नामांकन से लेकर जनसंपर्क और देव दर्शन के फोटो-वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा कर रहे हैं। समर्थकों के माध्यम से वार्ड के मतदाताओं तक पहुंच बनाने की कोशिश की जा रही है।

# 'राजस्व मंडल के रजिस्ट्रार पेश होकर बताएं कि आदेश की पालना क्यों नहीं की?'

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने तहसीलदार के निलंबन के मामले में अदालती आदेश की पालना नहीं करने को गंभीर माना है। इसके साथ ही अदालत ने 15 सितंबर को राजस्व मंडल के रजिस्ट्रार को पेश होकर इस संबंध में अपना जवाब देने को कहा है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि इस दौरान यदि गत 17 दिसंबर के आदेश की पालना कर ली जाती है तो रजिस्ट्रार को पेश होने की जरूरत नहीं है। जस्टिस अनुरूप सिंघी की एकलपीठ ने यह आदेश भरत कुमार यादव की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान बोर्ड की ओर से कहा गया कि उन्होंने अदालती आदेश की पालना में याचिकाकर्ता का अभ्यावेदन गत 18 फरवरी को निस्तारित कर दिया है। इस पर अदालत ने कहा कि यह आदेश केवल दिखावटी है और इसमें पूरे निर्देशों की अनुपालना नहीं की है। इसलिए पुराने आदेश से प्रभावित हुए बिना नया आदेश पारित करें।

याचिका में अधिवक्ता धर्मेन्द्र पारीक ने बताया कि याचिकाकर्ता को एसीबी मामले में जनवरी 2025 में निलंबित कर दिया था। जुलाई 2025 में उसके खिलाफ चार्जशीट पेश हो गई, लेकिन उसे पद पर बहाल नहीं किया। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने अजय कुमार चौधरी के मामले में कहा है कि आपराधिक केस में एफआईआर दर्ज होने व चार्जशीट दायर होने के तय अवधि के बाद कर्मचारी को बहाल करना होगा। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का हवाला देते हुए हाईकोर्ट से उसे बहाल करने का आग्रह किया। अदालत ने 17 दिसंबर 2025 को आदेश देते हुए उसे इस संबंध में प्रतिवादीगण के समक्ष प्रतिवेदन देने और प्रतिवादियों को उसे सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसरण में तय करने के लिए कहा। लेकिन विभाग ने आदेश की पालना नहीं की।

# भाजपा मंडल उपाध्यक्ष ने वार्ड 16 में निर्दलीय ताल ठोकी

**जयपुर (कासं)।** नगर निगम चुनाव में भाजपा के सामने अपने ही संगठन से बगावत की चुनौती खड़ी हो गई है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के विधानसभा क्षेत्र और भाजपा जयपुर शहर जिला अध्यक्ष अमित गोयल के वार्ड 16 में भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष महिपाल सिंह शेखावत ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी ताल ठोक दी है।

महिपाल सिंह के निर्दलीय मैदान में उतरने से भाजपा प्रत्याशी महेश संघी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पार्टी संगठन से जुड़े पदाधिकारी के बगावती तेवरों ने वार्ड के चुनावी समीकरणों को भी दिलचस्प बना दिया है। नामांकन के बाद अब दोनों पक्षों की ओर से जनसंपर्क तेज होने की संभावना है। भाजपा के गढ़ माने जाने वाले क्षेत्र में पार्टी के ही पदाधिकारी के निर्दलीय मैदान में उतरने से संगठन के सामने बागी प्रत्याशी को साधने और आधिकारिक प्रत्याशी के पक्ष में माहौल मजबूत करने की चुनौती खड़ी हो गई है। आने वाले दिनों में वार्ड 16 का मुकाबला खासा रोचक रहने के आसार हैं।

# सूने मकान से 80 लाख के जेवर चोरी

**जयपुर।** बिंदायका की पैराडाइज आनंद सोसायटी, सिरसी रोड में चोरों ने रिटायर्ड कर्नल के सूने मकान को निशाना बनाकर करीब 80 लाख रुपए कीमत के 600 ग्राम सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। वारदात का पता 31 अगस्त सुबह कामवाली के घर पहुंचने पर चला। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रिटायर्ड कर्नल महावीर प्रसाद जांगिड़ (70) पत्नी के साथ सास के निधन के कारण 19 अगस्त से नीमकाथाना गए हुए थे। 31 अगस्त सुबह करीब 10 बजे कामवाली मकान पर पहुंची तो मुख्य दरवाजे का लॉक और दरवाजा टूटा मिला। उसने पड़ोसी भवानी सिंह राठौड़ को सूचना दी।

# राजस्थान की ''केस रिव्यू प्रणाली'' नेशनल बेस्ट प्रैक्टिस : मकवाना

**जयपुर (कासं)।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने सचिवालय में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के साथ बैठक कर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के संवैधानिक अधिकारों, न्याय व्यवस्था और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की।

मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार एससी-एसटी वर्ग के हितों की सुरक्षा और उन्हें त्वरित न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस एवं प्रशासन की नियमित मॉनिटरिंग से अत्याचार के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है।

किशोर मकवाना ने मामलों की निष्पक्ष जांच के लिए राजस्थान पुलिस-प्रशासन की 'केस रिव्यू प्रणाली' को 'नेशनल बेस्ट प्रैक्टिस' बताया।



**राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने सचिवालय में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के साथ बैठक की।**

इसके तहत बंद किए गए मामलों में से 20 प्रतिशत तक मामलों की उच्च स्तर पर पुनः जांच की जाती है। जांच में लापरवाही मिलने पर मामले को दोबारा खोलने के साथ संबंधित अधिकारी के खिलाफ विजिलेंस जांच भी की जाती है। आयोग ने इस व्यवस्था को अन्य राज्यों में लागू करने पर जोर दिया। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि एससी-एसटी अत्याचार के मामलों में कमी के साथ 60 दिन में चालान पेश करने की दर में भी सुधार हुआ है। बिंदोली एवं घोड़ी चढ़ने जैसी संवेदनशील घटनाओं की पुलिस मैपिंग की जा रही है। पीड़ित परिवारों को एफआईआर और चालान स्तर पर समयबद्ध वित्तीय सहायता तथा प्रवासी पीड़ितों को नियमानुसार त्वरित मुआवजा दिया जा रहा है। विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव दिनेश कुमार ने बताया कि एससी-एसटी वर्ग के पात्र लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराया जा रहा है। आयोग अध्यक्ष ने राज्य प्रशासन के प्रयासों और नवाचारों की सराहना की।


## सार-समाचार

### संगीत शिक्षकों की कार्यशाला आयोजित



**जयपुर।** संयुक्त राष्ट्र के वर्ल्ड डे ऑफ रिमेंम्बरेंस फोर रोड ट्रेफिक विक्टिमस के 10वें संस्करण की तैयारियों के क्रम में मुस्कान फाउंडेशन की ओर से जयपुर में विशेष संगीत शिक्षक कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला मयूर स्कूल, ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी तथा मुस्कान फाउंडेशन फॉर रोड सेफ्टी के संयुक्त सहयोग से हुई। इसमें जयपुर शहर के 25 विद्यालयों से 40 से अधिक संगीत शिक्षकों ने भाग लिया। मुख्य कार्यक्रम 1 नवम्बर को जवाहर कला केंद्र, जयपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी जाएगी और सड़क सुरक्षा के संदेश को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों ने सड़क सुरक्षा पर आधारित विशेष रूप से चयनित गीतों का सामूहिक अभ्यास किया। यह शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में विद्यार्थियों को तैयार करेंगे, जो 1 नवम्बर को 500 छात्रों के समुह गीतों के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश देंगे। प्राचार्य, मयूर स्कूल, अज्जी कुमार, तथा प्राचार्य, ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी डॉ. आर. सी. शर्मा, ने कार्यशाला में भाग लेने वाले संगीत शिक्षकों का स्वागत किया और इस पहल में उनकी सहभागिता की सराहना की। मुस्कान की ट्रस्टी डॉ. मृदल भसीन ने कहा कि इस दिन नवम्बर में गीत, नृत्य, रैप म्युज़िक, थिएटर तथा क्विज़ के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश जन जन तक पहुंचाया जाता है।

### इवेंट प्रोफेशनल्स को सम्मानित किया



**जयपुर।** फैडरेशन ऑफ राजस्थान इवेंट मैनेजर्स (फोरम) के 13वें वार्षिक कन्वेंशन 'इवेंटस्थान 2026' के समापन अवसर पर आयोजित अवॉर्ड सेरेमनी में इवेंट एवं वेडिंग इंडस्ट्री में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रोफेशनल्स और संस्थाओं को सम्मानित किया गया। अभिनेत्री महक चहल ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले इवेंट प्रोफेशनल्स को अवॉर्ड प्रदान किए। दो दिवसीय कन्वेंशन में देशभर से आए 400 से अधिक इवेंट मैनेजर्स और इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स ने हिस्सा लिया। फोरम प्रेसिडेंट हितेंद्र शर्मा ने कहा कि किसी भी बड़े आयोजन की सफलता के पीछे पर्दे के पीछे काम करने वाले सैकड़ों प्रोफेशनल्स की मेहनत, क्रिएटिविटी और टीमवर्क होता है। फोरम सेक्रेटरी भुवनेश अग्रवाल ने बताया कि अवॉर्ड सेरेमनी में इवेंट मैनेजमेंट, वेडिंग्स, एंटरटेनमेंट, क्रिएटिविटी, टेक्नोलॉजी, प्रोडक्शन और हॉस्पिटैलिटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। समारोह में फोरम के पूर्व अध्यक्ष महावीर प्रताप शर्मा, हरप्रीत बग्गा, मोहित माहेश्वरी, इवेंट गुरु अरशद हुसैन और ईमा प्रेजिडेंट दीपक चौधरी सहित कई प्रमुख इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स मौजूद रहे।

### 3 साल की बेटी के सामने मां फंदे से झूली

**जयपुर।** शिप्रापथ इलाके में 27 वर्षीय विवाहिता ने अपनी 3 साल की बेटी के सामने कमरे में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बेटी के रोने की आवाज सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद होने पर उसे तोड़कर महिला को बाहर निकाला और जयपुरिया अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। एसएचओ हितेश शर्मा ने बताया कि मृतका सरस्वती राठौर (27) पुत्री रामनिवास, निवासी श्योपुर (मध्यप्रदेश) थी। उसका पति मुकेश मेडिकल शॉप पर काम करता है। वह तीन बच्चों के साथ संयुक्त परिवार में रहती थी। घटना के समय दोनों बड़े बच्चे स्कूल गए हुए थे और पति काम पर गया था। मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पिता के अनुसार शादी के बाद से ही बेटी को दहेज के लिए परेशान किया जाता था। वर्ष 2025 में प्रताड़ना बढ़ने पर वह करीब 4 माह पीहर रही, लेकिन पति अलग रहने का कहकर उसे वापस ले आया और संयुक्त परिवार में ही रखा। आरोप है कि इसके बाद प्रॉपर्टी विवाद को लेकर भी मारपीट व मानसिक प्रताडना की जाती रही। पिता के अनुसार सरस्वती ने मां को फोन कर मारपीट की जानकारी दी थी और राखी पर पीहर आने की बात कही थी। राखी से एक दिन पहले उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पिता की शिकायत पर सोमवार को हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मौसमी बीमारियों को लेकर निगरानी

**जयपुर।** चिकित्सा-स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश में मौसमी बीमारियों की लगातार निगरानी की जा रही है। प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने सभी जिलों में पूरे सप्ताह के 24 घंटे कंट्रोल रूम सक्रिय रखने और स्वाइन फ्लू, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया एवं स्क्रब टाइफस पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने आउटब्रेक स्थिति में तत्काल कार्रवाई के लिए हर स्तर पर रेपिड रेस्पॉन्स टीमों का गठन और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक में स्वाइन फ्लू को देखते हुए आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता उपस्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. शर्मा ने घर-घर सर्वे, एंटी लार्वा, एंटी एडल्ट और सोर्स रिडक्शन गतिविधियां लगातार चलाने तथा प्रभावित क्षेत्रों पर विशेष फोकस करने को कहा। अस्पतालों में आवश्यकतानुसार अलग बेड आरक्षित रखने, मरीजों को आइसोलेट करने, बचाव उपायों की जानकारी देने के निर्देश दिए।

# निकाय चुनाव : भाजपा में बागियों को मनाने की कवायद शुरू

## प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने कहा ''नाराज कार्यकर्ता विरोधी नहीं, परिवार का हिस्सा हैं''

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** निकाय चुनाव में टिकट वितरण के बाद सामने आ रही नाराजगी और बगावत को लेकर भाजपा ने डैमेज कंट्रोल शुरू कर दिया है। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं निकाय चुनाव प्रबंधन से जुड़े श्रवण सिंह बगड़ी ने कहा कि पार्टी नाराज कार्यकर्ताओं को विरोधी नहीं, बल्कि अपने ही परिवार का हिस्सा मानती है। ऐसे में उन्हें मनाने के लिए किसी तरह की राजनीतिक सौदेबाजी के बजाय संवाद और समझाइश का रास्ता अपनाया जाएगा। बगड़ी ने कहा कि भाजपा के लिए फिलहाल सबसे बड़ी प्राथमिकता अधिकृत प्रत्याशियों के पक्ष में सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट करना है। जिन कार्यकर्ताओं ने टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर निर्दलीय नामांकन दाखिल किया है, उनसे वरिष्ठ नेता बातचीत कर रहे हैं। पार्टी का प्रयास है कि वे नामांकन वापस लेकर संगठन के अधिकृत प्रत्याशी के समर्थन में आएं।

- **बताया जा रहा है कि जिन कार्यकर्ताओं ने टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर निर्दलीय नामांकन दाखिल किया है, उनसे वरिष्ठ नेता बातचीत कर रहे हैं, ताकि वे नामांकन वापस लेकर संगठन के अधिकृत प्रत्याशी के समर्थन में आएं।**

### '10 हजार से अधिक टिकट, बागी नाममात्र'

बगड़ी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा ने बड़ी संख्या में टिकट वितरित किए हैं। एक वार्ड में कई दावेदार होना स्वाभाविक है, लेकिन टिकट किसी एक को ही मिल सकता है। टिकट चयन में सामाजिक समीकरण, आरक्षण, स्थानीय परिस्थितियों और प्रत्याशी की चुनावी संभावना समेत कई पहलुओं को ध्यान में रखा गया है। ऐसे में टिकट नहीं मिलने पर कार्यकर्ता का नाराज होना स्वाभाविक है, लेकिन संगठन की जिम्मेदारी है कि उससे संवाद कर स्थिति सामान्य करे। उन्होंने दावा किया कि 10 हजार से अधिक टिकटों के वितरण के बावजूद भाजपा में बागियों की संख्या नगण्य है। बगड़ी ने कहा कि निर्दलीय के तौर पर चुनाव मैदान में उतरे कार्यकर्ता भी भाजपा परिवार का हिस्सा हैं और उन्हें जल्द ही मना लिया जाएगा।

### 'एडजस्टमेंट' से ज्यादा संवाद पर जोर

भाजपा की रणनीति में नाराज दावेदारों को साधना अहम माना जा रहा है। निकाय चुनाव में एक-एक वार्ड का मुकाबला करीबी होने के कारण बागी प्रत्याशी पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के वोटों को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में पार्टी चुनाव प्रचार तेज करने से पहले अंदरूनी असंतोष को खत्म करने में जुटी है। बगड़ी ने एडजस्टमेंट फॉर्मूले को राजनीतिक सौदेबाजी के बजाय संगठनात्मक संवाद से जोड़ते हुए कहा कि नाराज कार्यकर्ताओं को किसी लालच से नहीं, बल्कि उनकी भावनाओं को समझकर और टिकट चयन की वास्तविक परिस्थितियों से अवगत कराकर साथ लाया जाएगा। उनका कहना है कि टिकट नहीं मिलने से किसी कार्यकर्ता की राजनीतिक भूमिका खत्म नहीं होती। संगठन में भविष्य में भी उसे अवसर मिल सकते हैं।

### हर निकाय में स्थानीय मुद्दों पर संकल्प पत्र

बगड़ी ने बताया कि भाजपा प्रदेश स्तर पर विजन आधारित संकल्प पत्र तैयार कर रही है। वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवाड़ी को प्रदेश स्तरीय संकल्प पत्र तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसे प्रदेश के बाद संभाग, जिला और निकाय स्तर तक ले जाया जाएगा।

खास बात यह होगी कि सभी निकायों पर एक जैसा घोषणा पत्र लागू करने के बजाय स्थानीय समस्याओं और जरूरतों को इसमें शामिल किया जाएगा। यानी शहर की सड़क, सफाई, जलभराव, सीवरेज, यातायात या अन्य स्थानीय समस्याओं को निकायवार संकल्प पत्र में जगह दी जाएगी। इससे भाजपा निकाय चुनाव को राज्य सरकार के कामकाज के साथ स्थानीय मुद्दों और स्थानीय निकाय के काम का चुनाव बनाने की रणनीति पर आगे बढ़ रही है।

### वार्ड 98 में विरोध ने बढ़ाई चुनौती

हालांकि भाजपा के सामने टिकट वितरण के बाद स्थानीय स्तर पर असंतोष की चुनौती भी सामने आई है। जयपुर निगम चुनाव में सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 98 के कार्यकर्ताओं ने भाजपा मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता सुभाष सिंघी को टिकट दिए जाने से नाराज नजर आए और उपेश शर्मा के समर्थन में नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पार्टी ने लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर 'पैराशूट उम्मीदवार' को टिकट दिया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि टिकट के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन लिए गए थे और पैनल में शामिल तीन नामों में से किसी को भी टिकट नहीं मिला।

### बातचीत से दूर होगी नाराजगी : राठौड़

टिकट वितरण के बाद सामने आ रही नाराजगी पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भी पार्टी का रुख स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी परिवार के सदस्य हैं और बातचीत के जरिए नाराजगी दूर की जाएगी। बागियों को भी मनाने का प्रयास किया जाएगा। राठौड़ ने निकाय चुनाव में भाजपा की जीत का दावा करते हुए कहा कि प्रदेश में पहली बार 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' की दिशा में चुनाव हो रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके पास जुमलेबाजी के अलावा कुछ नहीं है और निकाय चुनाव में भाजपा विराट जीत दर्ज करेगी।